रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

महाविद्यालय एन.सी.सी. इकाई तथा रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला का निर्माण

"वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों पालन न करने के कारण प्रतिवर्ष हजारों लोगों का जीवन समाप्त हो जाता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव उस मृतक व्यक्ति के परिवार पर सबसे अधिक पड़ता है। अगर छात्र- छात्रा मात्र अपने परिवार के सभी सदस्यों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर लें, तो देखते ही देखते समाज में इस हेतु एक बड़ा परिवर्तन दृष्टिगोचर हो सकता है।" उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने दिनांक 23.01.2024 को महाविद्यालय एनसीसी इकाई और रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक जागरूकता रैली को सम्बोधित करते हुए कही।

महाविद्यालय एनसीसी इकाई के 50 एनसीसी कैडेटों समेत, महाविद्यालय के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने इस रैली में प्रतिभाग करते हुए गोंडा शहर के एलबीएस चौराहे से गुरुनानक चौक तक मानव श्रृंखला का सृजन करते हुए आते जाते सभी जन सामान्य को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशामुक्त होकर वाहन चलाने और अन्य सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय एनसीसी इकाई के केयरटेकर एवं सदस्य रोड सेफ्टी क्लब डा अमित कुमार शुक्ल ने एनसीसी कैडेटों को बेहतर सामाजिक दायित्व में प्रतिभाग हेतु बधाई दी। रोड सेफ्टी क्लब के अन्य सदस्य डॉ लोहांस कुमार कल्याणी, डॉ चमन कौर सहित प्रोफेसर संदीप कुमार श्रीवास्तव, महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो आर बी एस बघेल आदि उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

-डॉ. अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर
एन.सी.सी. उप-इकाई

PRINCIPAL
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE
GONDA (UP)

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज
गोण्डा
रोड सेफ्टी क्लब
सड़क सुरक्षा जागरूकता
डॉ अमित शुक्ला
सदस्य
डॉ चमन कौर
सदस्य
डॉ लोहांस कल्याणी
संयोजक
प्रो0 रवीन्द्र कुमार
प्राचार्य

सुरक्षित बांधे
हेलमेट

BUY 1 GET 1 FREE

नव वर्ष 2024
का हार्दिक शुभकामनाएं
MARUTI NANDAN
सड़क सुरक्षा अभियान
सीट-बेल्ट लगाएं
जीवन बचाएं
सुरक्षित बांधे
BADSHAH

FABRIC
AJA DOSA

प्राण प्रतिष्ठा
22 जनवरी 2024
नव वर्ष 2024

प्राण प्रतिष्ठा
22 जनवरी 2024